# सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ-226001

**Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in**


पत्रांकः 52 /सो.आ.नि.-3/537/ 2022
दिनाँकः 09 अप्रैल, 2025

प्रेषक,

**निदेशक,**
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**समस्त जिलाधिकारी,**
(गाजियाबाद एवं गौतमबुद्ध नगर को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

**विषयः सोशल आडिट में टीम को फैसिलिटेट करने के लिये ब्लाक सोशल आडिट कोऑर्डिनेटर/ ब्लाक रिसोर्स पर्सन को ग्राम पंचायतों के आवंटन के सम्बन्ध में प्रक्रिया का निर्धारण।**

महोदय,

कृपया निदेशालय के पत्रांक- 1151, दिनांक 20-12-2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सोशल ऑडिट में टीम को फैसिलिटेट करने के लिये ब्लाक सोशल ऑडिट कोआर्डिनेटर/ब्लाक संसाधन व्यक्ति को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम (Alphabetical Order) में व्यवस्थित कर सोशल आडिट कैलेण्डर में लगाये जाने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। संज्ञान में आया है कि कतिपय जनपदों में पूर्व से ही उक्त प्रक्रिया के अनुसार टीम को फैसिलिटेट करने हेतु ब्लाक सोशल ऑडिट कोआर्डिनेटर/ब्लाक संसाधन व्यक्ति को लगाया जा रहा है, जिससे उन जनपदों में उक्त व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करने पर रिसोर्स पर्सन्स को पूर्व में सोशल आडिट सम्पादित की गयी ग्राम पंचायतें ही सोशल आडिट हेतु पुनः आवंटित हो रही हैं।

अतः उक्त स्थिति को देखते हुये ब्लाक सोशल ऑडिट कोआर्डिनेटर/ब्लाक संसाधन व्यक्ति को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम (Alphabetical Order) में व्यवस्थित कर तैयार की गई सूची में से गत वर्ष/ राउंड में BSAC/BRP की तैयार सूची में अगले वर्ष/ राउंड में ग्राम पंचायतों का आवंटन करते समय 02 अंक जोड़ते हुये प्रत्येक राउंड में रिसोर्स पर्सन्स के क्रमांक को निम्नानुसार व्यवस्थित करते हुए रोस्टर तैयार किया जाना है:-

| **वित्तीय वर्ष** (उदाहरण के रूप में) | **राउंड** | **अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में तैयार सूची का क्रमांक, जहाँ से प्रारम्भ करते हुये ब्लाक सोशल ऑडिट कोआर्डिनेटर/ब्लाक संसाधन व्यक्ति को कैलेण्डर में लगाया जाना है** |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2025-26 | प्रथम राउंड | BSAC/BRP की तैयार सूची के क्रमांक 01 से प्रारम्भ करते हुये ग्राम पंचायतों में लगाया जाए |

| | | |
|---|---|---|
| 2025-26 | द्वितीय राउंड | BSAC/BRP की तैयार सूची के क्रमांक 03 से प्रारम्भ करते हुये ग्राम पंचायतों में लगाया जाए |
| 2026-27 | प्रथम राउंड | BSAC/BRP की तैयार सूची के क्रमांक 05 से प्रारम्भ करते हुये ग्राम पंचायतों में लगाया जाए |
| 2026-27 | द्वितीय राउंड | BSAC/BRP की तैयार सूची के क्रमांक 07 से प्रारम्भ करते हुये ग्राम पंचायतों में लगाया जाए |
| उपर्युक्तानुसार दी गयी व्यवस्था आगे के वर्षों में भी लागू रहेगी। | | |

उपरोक्तानुसार दी गयी व्यवस्था इस पत्र के जारी होने के पश्चात् जारी होने वाले सभी सोशल आडिट कैलेण्डर में प्रभावी होगी। यदि जनपद में सोशल आडिट कैलेण्डर निर्गत किया जा चुका हो तो भविष्य में जारी किये जाने वाले सोशल आडिट कैलेण्डर में उक्त व्यवस्था का परिपालन सुनिश्चित हो।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त व्यवस्था में दिये गये निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित कराते हुये जनपदों से जारी किये गये रोस्टर की प्रति निदेशालय को भी अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(हस्ताक्षर) 09.04.25

(विजय कृष्ण भागवत)
अपर निदेशक